# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| **The Savera Times** | **23.08.2024** | -- | -- |

# Prof. B.R. Kamboj vows 'Entrepreneurship' as key to national strength at HAU seminar

@Thesaveratimes
Network

**Hisar:** On the occasion of World Entrepreneur's Day, a seminar was organized by the Directorate of Student Welfare in the auditorium of the College of Agriculture, Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University.

Organized on the topic 'India @-2047 Prosperous and Great India', the Vice Chancellor of the University, Prof. B.R. Kamboj attended the event as the chief guest while renowned economic expert Satish Kumar was present as the keynote speaker. Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj said that through entrepreneurship we can make the country strong and great. He called upon the youth to work in a planned manner for the progress and prosperity of the nation so that India can become a great nation by the year 2047.

A developed nation can be made. To make India prosperous and great, the youth will have to work hard day and night with determination. He also called upon the youth to come forward to play the role of a guide. Students should be imbued with high ideals and values.




Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj releasing the book.



Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj lighting the lamp and inaugurating the seminar.

There is no dearth of universities and colleges in the country to provide education. Government services cannot be available to all people, therefore under the Swavalambhi Bharat Abhiyan, self-employment is being done at the rural level to connect the youth with self-employment and to build a prosperous and happy India. Small industrial units will have to be set up.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23.8.24 | 3 | 7-8 |

# उद्यमिता से हम देश को सशक्त और महान बना सकते हैं : वीसी

## एचएयू में विश्व उद्यमी दिवस पर गोष्ठी आयोजित




भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में विश्व उद्यमी दिवस पर छात्र कल्याण निदेशालय ने गोष्ठी का आयोजन किया। 'भारत @-2047 समृद्ध एवं महान भारत' विषय पर आयोजित गोष्ठी में जीजेयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें, ताकि वर्ष 2047 तक भारत वर्ष को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्तियों को सरकारी सेवाएं उपलब्ध नहीं हो सकती हैं, इसलिए स्वावलंबी भारत अभियान के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा समृद्ध एवं खुशहाल भारत के निर्माण के लिए ग्रामीण स्तर पर लघु औद्योगिक इकाइयां स्थापित करनी होंगी। कार्यक्रम में कुलपति व मुख्य वक्ता ने एक पुस्तक का विमोचन किया तथा कृषि महाविद्यालय के परिसर में पौधरोपण भी किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23-8-24 | 2 | 7-8 |

# उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं: प्रो. काम्बोज

## एच.ए.यू. में विश्व उद्यमी दिवस पर गोष्ठी आयोजित



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्ज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए।*

हिसार, 22 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।'भारत -2047 समृद्ध एवं महान भारत' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें ताकि वर्ष 2047 तक भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत करनी होगी। उन्होंने युवाओं को मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए आगे आने का भी आह्वान किया। मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए स्वावलंबी भारत अभियान योजनबद्ध ढंग से समुचे देश में चलाया जा रहा है। युवा पीढ़ी को विकसित भारत बनाने के लिए कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का भी गठन किया गया है। उद्यमिता की ओर राष्ट्र तीव्र गति के साथ आगे बढ़ रहा है। हकृवि के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. वी.पी. लोहाच ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान के चार पिल्लर बताए जिनमें स्वदेशी, विकेंद्रीकरण, उद्यमिता और सहकारिता शामिल है। सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि वे संकल्प लेकर जाए कि नौकरी लेने वाला नहीं-नौकरी देने वाला बनुंगा। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारीगण, शिक्षक, गैर शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.8.24 | 2 | 2-5 |

गोष्ठी **हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमी दिवस पर गोष्ठी आयोजित, वीसी बोले- उद्यमिता से देश को सशक्त बना सकते हैं**

# उद्यमिता की ओर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा राष्ट्र : सतीश

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत @-2047 समृद्ध एवं महान भारत' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार उपस्थित रहे।

सतीश कुमार ने कहा कि उद्यमिता की ओर राष्ट्र तीव्र गति के साथ आगे बढ़ रहा है। उद्यमिता के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है बल्कि इससे समाज में नए रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को विकसित भारत बनाने के लिए कार्य करना होगा। इसके लिए उन्होंने आठ स्तंभ का भी उल्लेख किया जिनमें वाइब्रेंट डेमोक्रेसी, पूर्ण रोजगार युक्त भारत, वैश्विक सर्वोच्च अर्थव्यवस्था, अभेद सुरक्षा तंत्र वाला भारत, विज्ञान एवं तकनीकी में अग्रणी भारत, पर्यावरण हितैषी भारत, विश्व बंधुत्व वाला भारत व उच्च जीवन मूल्यों से युक्त भारत शामिल हैं। सतीश कुमार ने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का भी गठन किया गया है।




हिसार में पुस्तक का विमोचन करते एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज व अन्य। स्रोत : संस्थान

कुलपति प्रो. कांबोज ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं। उन्होंने कहा समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत करनी होगी। स्वावलंबी भारत अभियान के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और समृद्ध एवं खुशहाल भारत के निर्माण के लिए ग्रामीण स्तर पर लघु औद्योगिक इकाइयां स्थापित करनी होंगी। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए गेहूं को गेहूं के तौर पर नहीं बल्कि इसके उत्पाद बनाकर बेचने होंगे। कार्यक्रम में कुलपति व मुख्य वक्ता ने एक पुस्तक का विमोचन किया तथा कृषि महाविद्यालय के परिसर में पौधरोपण भी किया।

एचएयू के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. वीपी लोहाच ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान के चार पिल्लर बताए जिनमें स्वदेशी, विकेंद्रीकरण, उद्यमिता और सहकारिता शामिल है। सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप पूनिया ने कहा कि वे संकल्प लेकर जाए कि नौकरी लेने वाले नहीं-नौकरी देने वाला बनेंगे। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा आदि मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि भूमि | 23.08.2024 | --- | -- |

# उद्यमिता से देश बनेगा सशक्त व महानः वीसी

- भारत को महान बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : सतीश
- एचएयू में विश्व उद्यमी दिवस पर गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। 'भारत @-2047 समृद्ध एवं महान भारत' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें ताकि वर्ष 2047 तक भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत करनी होगी।

## आगे आए युवा पीढ़ी

सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए स्वावलंबी भारत अभियान योजनबद्ध ढंग से समुचे देश में चलाया जा रहा है। युवा पीढ़ी को विकसित भारत बनाने के लिए कार्य करना होगा। आठ स्तंभ का भी उल्लेख किया जिनमें वाइबेंट डेमोक्रेसी, पूर्ण रोजगार युक्त भारत, वैश्विक सर्वोच्च अर्थव्यवस्था, अभेद सुरक्षा तंत्र वाला भारत, विज्ञान एवं तकनीकी में अग्रणी भारत, पर्यावरण हितैषी भारत, विश्व बंधुत्व वाला भारत व उच्च जीवन मूल्यों से युक्त भारत शामिल हैं। कौशल विकास के से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.8.24 | 5 | 4-8 |

# उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशत्व व महान बना सकते हैं : प्रो. काम्बोज

## एचएयू में विश्व उद्यमी दिवस पर गोष्ठी आयोजित

हिसार, 22 अगस्त (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। 'भारत @-2047 समृद्ध एवं महान भारत' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारम्भ करते हुए।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें ताकि वर्ष 2047 तक भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत करनी होगी। उन्होंने युवाओं को मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए आगे आने का भी आह्वान किया। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए गेहूं को गेहूं के तौर पर नहीं बल्कि इसके उत्पाद बनाकर बेचने होंगे। कार्यक्रम में कुलपति व मुख्य वक्ता ने एक पुस्तक का विमोचन किया तथा कृषि महाविद्यालय के परिसर में पौधारोपण भी किया।

**भारत को महान बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : सतीश कुमार :** मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने कहा कि समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए स्वावलंबी भारत अभियान योजनबद्ध ढंग से समुचे देश में चलाया जा रहा है। युवा पीढ़ी को विकसित भारत बनाने के लिए कार्य करना होगा। इसके लिए उन्होंने आठ स्तंभ का भी उल्लेख किया जिनमें वाइब्रेंट डेमोक्रेसी, पूर्ण रोजगार युक्त भारत, वैश्विक सर्वोच्च अर्थव्यवस्था, अभेद सुरक्षा तंत्र वाला भारत, विज्ञान एवं तकनीकी में अग्रणी भारत, पर्यावरण हितैषी भारत, विश्व बंधुत्व वाला भारत व उच्च जीवन मूल्यों से युक्त भारत शामिल हैं। उद्यमिता की ओर राष्ट्र तीव्र गति के साथ आगे बढ़ रहा है। एचएयू कि सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्यमी बनाने में लगातार प्रशिक्षण प्रदान करने का अग्रणी काम कर रहा है। हकृवि के रिटायर्ड प्रो. डॉ. वीपी लोहाच ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान के चार पिल्लर बताए जिनमें स्वदेशी, विकेंद्रीकरण, उद्यमिता और सहकारिता शामिल है। सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप पूनियां ने कहा कि वे संकल्प लेकर जाए कि नौकरी लेने वाला नहीं-नौकरी देने वाला बनूंगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने सभी महानुभावों का स्वागत किया तथा कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच का संचालन छात्रा अन्नु ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारीगण, शिक्षक, गैर शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 23.8.24 | 6 | 6-7 |

एचएयू में विश्व उद्यमी दिवस पर गोष्ठी आयोजित

## उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं: प्रो. काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्जवलित कर गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए।

**हिसार(सच कहूँ न्यूज)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत @-2047 समृद्ध एवं महान भारत विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें ताकि वर्ष 2047 तक भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत करनी होगी। उन्होंने युवाओं को मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए आगे आने का भी आह्वान किया।

कार्यक्रम में कुलपति व मुख्य वक्ता ने एक पुस्तक का विमोचन किया तथा कृषि महाविद्यालय के परिसर में पौधारोपण भी किया। हकृवि के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. वीपी लाहाच ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान के चार पिल्लर बताए जिनमें स्वदेशी, विकेंद्रीकरण, उद्यमिता और सहकारिता शामिल है। सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप पूनियां ने अपने संबोधन में कहा कि वे संकल्प लेकर जाए कि नौकरी लेने वाला नहीं-नौकरी देने वाला बनूंगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 22.08.2024 | --- | -- |

### एचएयू में विश्व उद्यमी दिवस पर गोष्ठी आयोजित

# उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं : प्रो. बी.आर. काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्जवलित कर गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। 'भारत-2047 समृद्ध एवं महान भारत' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें ताकि वर्ष 2047 तक भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत करनी होगी। उन्होंने युवाओं को मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए आगे आने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में कुलपति व मुख्य वक्ता ने एक पुस्तक का विमोचन किया तथा कृषि महाविद्यालय के परिसर में पौधारोपण भी किया।

मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने कहा कि समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए स्वावलंबी भारत अभियान योजनबद्ध ढंग से समुचे देश में चलाया जा रहा है। युवा पीढ़ी को विकसित भारत बनाने के लिए कार्य करना होगा। एचएयू कि सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्यमी बनाने में लगातार प्रशिक्षण प्रदान करने का अग्रणी काम कर रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 22.08.2024 | --- | -- |

# उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं : प्रो. काम्बोज

पांच बजे न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। 'भारत @-2047 समृद्ध एवं महान भारत' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार उपस्थित रहे।




कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम देश को सशक्त व महान बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें ताकि वर्ष 2047 तक भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत करनी होगी। उन्होंने युवाओं को मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए आगे आने का भी आह्वान किया। विद्यार्थियों को उच्च आदर्शों एवं संस्कारों से परिपूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए देश में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों कि कोई कमी नहीं है। सभी व्यक्तियों को सरकारी सेवाएं उपलब्ध नहीं हो सकती है, इसलिए स्वावलंबी भारत अभियान के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा समृद्ध एवं खुशहाल भारत के निमार्ण के लिए ग्रामीण स्तर पर लघु औद्योगिक इकाइयां स्थापित करनी होगी। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए गेहूं को गेहूं के तौर पर नहीं बल्कि इसके उत्पाद बनाकर बेचने होंगे। विकसित भारत के लिए आर्थिक समृद्धि भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देना भी विकसित भारत की महत्वपूर्ण चुनौती है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम और पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम में कुलपति व मुख्य वक्ता ने एक पुस्तक का विमोचन किया तथा कृषि महाविद्यालय के परिसर में पौधारोपण भी किया।

**भारत को महान बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : सतीश कुमार**

मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समृद्ध एवं महान भारत बनाने के लिए स्वावलंबी भारत अभियान योजनबद्ध ढंग से समूचे देश में चलाया जा रहा है। युवा पीढ़ी को विकसित भारत बनाने के लिए कार्य करना होगा। इसके लिए उन्होंने आठ स्तंभ का भी उल्लेख किया जिनमें वाइब्रेंट डेमोक्रेसी, पूर्ण रोजगार युक्त भारत, वैश्विक सर्वोच्च अर्थव्यवस्था, अभेद सुरक्षा तंत्र वाला भारत, विज्ञान एवं तकनीकी में अग्रणी भारत, पर्यावरण हितैषी भारत, विश्व बंधुत्व वाला भारत व उच्च जीवन मूल्यों से युक्त भारत शामिल है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का भी गठन किया गया है। उद्यमिता की ओर राष्ट्र तीव्र गति के साथ आगे बढ़ रहा है। उद्यमिता के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है बल्कि इससे समाज में नए रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। एचएयू कि सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्यमी बनाने में लगातार प्रशिक्षण प्रदान करने का अग्रणी काम कर रहा है।

हकृवि के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. वीपी लोहाच ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान के चार पिल्लर बताए जिनमें स्वदेशी, विकेंद्रीकरण, उद्यमिता और सहकारिता शामिल है। सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप पूनियां ने अपने संबोधन में कहा कि वे संकल्प लेकर आए कि नौकरी लेने वाला नहीं-नौकरी देने वाला बनुंगा।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने गोष्ठी में आए हुए सभी महानुभावों का स्वागत किया तथा कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच का संचालन छात्रा अंजु ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारीगण, शिक्षक, गैर शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।